कार्यालय डायरेक्टर: स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इन पल्मोनरी मेडिसिन
नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर

फोन न. 0761 – 2670014 ई-मेल- sepm.nscb@gmail.com

क्र./एसईपीएम/स्था/अराज/2024/ १०२५ जबलपुर, दिनांक ०५ /१०/2024

अंतिम अवसर

// सूचना //

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल (MPESB), भोपाल के द्वारा समूह-5 के अंतर्गत संयुक्त सहचिकित्सकीय सवंर्ग के रिक्त पदों की आयोजित परीक्षा 2023 में दिनांक 12/02/2024 को जारी परीक्षा परिणाम में उपलब्ध कराई गई प्रवीणीय सूची में चयनित अभ्यर्थियों से पदपूर्ति करने के उपरांत कार्यालयीन पत्र क्र./एसईपीएम/स्था/अराज/2024/966 जबलपुर, दिनांक 18/09/2024 के द्वारा विभिन्न पदों की पूर्ति हेतु प्रतीक्षा क्रमांक 01 से 05 (स्लीप टेक्नीशियन हेतु प्रतीक्षा क्रमांक 01 से 10) तक के अभ्यार्थियों को दिनांक 03/10/2024 को प्रात: 11:00 बजे स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इन पल्मोनरी मेडिसिन के रेस्पीरेटरी भवन (पूर्व टी. बी. चेस्ट) के ऑडिटोरियम हॉल में आमंत्रित किया गया था।

उक्त दिनांक को प्रतीक्षा क्रमांक 01 से 05 (स्लीप टेक्नीशियन हेतु प्रतीक्षा क्रमांक 01 से 10) तक आमंत्रित किये गये जो अभ्यर्थी किसी कारणवश दस्तावेज सत्यापन में उपस्थित नहीं हो पाये थे उन्हें अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक **21/10/2024** को प्रात: 11:00 बजे स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इन पल्मोनरी मेडिसिन के रेस्पीरेटरी भवन (पूर्व टी. बी. चेस्ट) के ऑडिटोरियम हॉल में आमंत्रित किया जाता है।

उम्मीदवारों को निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

1. परीक्षा प्रवेश पत्र
2. स्वयं की दो फोटो जैसा की प्रवेश पत्र में लगाया गया है।
3. हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री परीक्षा प्रमाण पत्र एवं अंकसूची।
4. मूल निवासी प्रमाण पत्र।
5. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त जाति प्रमाण पत्र/आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र
6. मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा प्रकाशित पदों हेतु निर्धारित योग्यता का प्रमाण पत्र एवं अंकसूची
7. विधवा/परित्याक्ता/तलाकशुदा की स्थिति में नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित शपथ पत्र
8. दिनांक 26/01/2001 के बाद दो से अधिक संतान न होने का नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित शपथ पत्र।
9. शासकीय सेवा में कार्यरत उम्मीदवार द्वारा नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र।
10. प्राप्त बोनस अंक से संबंधित प्रमाणित दस्तावेज
11. भूतपूर्व सैनिक होने का सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र।
12. आधार कार्ड एवं पेन कार्ड
13. मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा जारी परीक्षा परिणाम का छायाप्रति

नोट:- समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि भर्ती से संबंधित समस्त अद्यतन जानकारी हेतु चिकित्सा महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाईट www.nscbmc.ac.in पर विजिट करें।

डायरेक्टर/ कार्यालय प्रमुख
स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इन पल्मोनरी मेडिसिन
नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर

Scanned with OKEN Scanner